राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 13 जनवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने राजस्थान प्रदेश के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षगण की एक अति आवश्यक बैठक दिनांक 17 जनवरी 2023 को प्रातः 11:00 प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर बुलाई है। बैठक में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षगण का स्वागत करने के साथ ही प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा संगठनात्मक कार्यों एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आगामी कार्यों पर विस्तृत रूप से चर्चा करेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा दिनांक 17 जनवरी 2023 को प्रातः 11:00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर सभी नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षगणों से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दिनांक 26 जनवरी 2023 से दो माह तक चलने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के कार्यक्रमों पर भी चर्चा की जाकर दो माह तक चलने वाले अभियान के तहत् ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जायेगी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter